 Roll No. …………………..

# BAHL–302

## हिन्दी भाषा का उद्‌भव एवं विकास

Bachelor of Arts (B.A.–12/16/17)

Third Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी भाषा के विकास पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।
2. पूर्वी हिन्दी की बोलियों का परिचय दीजिए।
3. शब्द-परिवर्तन की दिशाओं का सोदाहरण परिचय दीजिए।
4. भारतीय संविधान में हिन्दी की स्थिति की विवेचना कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. व्यंजन ध्वनियों का परिचय दीजिए।
2. पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का साहित्यिक परिचय दीजिए।
3. भाषा और लिपि के सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए।
4. विशेषण के प्रकार सोदाहरण बताइए।
5. रूप परिवर्तन के कारणों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।
6. व्याकरण की दृष्टि से वाक्य के भेद बताइए।
7. राजभाषा, राष्ट्रभाषा और सम्पर्क भाषा का भेद स्पष्ट कीजिए।
8. उपसर्ग कितने प्रकार के होते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य का चुनाव कीजिए :

1. ध्वनि भाषा की लघुतम इकाई है।
2. रूप संरचना का सम्बन्ध वाक्य से है।
3. भाषा में वाक्य की ही सत्ता प्रधान होती है।

4. खड़ी बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

5. नेपाली भाषा की लिपि देवनागरी है।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

6. स्वर के उच्चारण में लगने वाला समय .................... कहलाता है। (बलाघात / मात्रा)

7. शब्द के मूल रूप को .................... कहते हैं। (प्रतिपादिक / प्रत्यय)

8. 'ईश्वर सबका भला करे।' वाक्य .................... है। (इच्छाबोधक / संकेतार्थक)

9. तुलसीदास की 'विनयपत्रिका' की भाषा .................... है। (अवधी / ब्रज)

10. स्वनिम का सम्बन्ध .................... भाषा से है। (उच्चारित / लिखित)